दिनांक: 18/01/2024

प्रेस विज्ञप्ति

भारत के माननीय उपराष्ट्रपति ने रेलटेल को स्कोप एमिनेंस अवार्ड प्रदान किया

रेलटेल को यह पुरस्कार संस्थागत उत्कृष्टता (मिनीरत्न I और II) श्रेणी का मिला

भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने रेलटेल को स्कोप एमिनेंस अवार्ड प्रदान किया। कंपनी को यह पुरस्कार वर्ष 19-20 के दौरान समग्र उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संस्थागत उत्कृष्टता (मिनीरत्न I और II) श्रेणी के लिए मिला। इस पुरस्कार को आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। स्कोप पुरस्कार विजेताओं का चयन भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति टीएस ठाकुर की अध्यक्षता में एक प्रतिष्ठित जूरी के पैनल द्वारा किया गया था। पुरस्कार चयन प्रक्रिया वित्तीय स्थिति, व्यवसाय संचालन, ग्राहक संबंध, कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी आदि जैसे आवश्यक मापदंडों में कंपनी के व्यापक प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए स्थापित कठोर मानदंडों पर आधारित थी।

पुरस्कार के बारे में बताते हुए रेलटेल के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार ने कहा, 'रेलटेल परिवार भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ से प्रतिष्ठित स्कोप पुरस्कार प्राप्त करके बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा है। हम स्कोप और जूरी के प्रतिष्ठित सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने पूरी रेलटेल टीम द्वारा प्रदर्शित अथक प्रयत्नों और प्रतिबद्धता को स्वीकार किया। हम अपने सभी हितधारकों को उनके निरंतर समर्थन के लिए विशेष अभिव्यक्ति के रूप में धन्यवाद देते हैं। पुरस्कार का श्रेय रेलटेल परिवार को जाता है और यह मान्यता एक प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करती है, जो हमें अपनी सीमाओं का विस्तार करने और रेलटेल को अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रेरित करती है, जो कि हमारे देश की डिजिटल उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देती है।

रेलटेल, रेल मंत्रालय के तहत एक मिनीरत्न सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) है, जो देश में दूरसंचार, आईटी, आईसीटी और सिगलिंग सेवाओं के सबसे विश्वसनीय प्रदाताओं में से एक है। उल्लेखनीय है कि रेलटेल उन बहुत ही कम दूरसंचार सार्वजनिक उपक्रमों में से हैं जो लाभ अर्जित कर लाभांश का भुगतान करता है। रेलटेल 11,600+ करोड़ रुपये के मार्केट कैप के साथ एक सूचीबद्ध कंपनी है। वित्तीय सफलता से परे, रेलटेल ने डिजिटल विभाजन को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, अत्याधुनिक सार्वजनिक वाई-फाई सेवाओं के प्रावधान के माध्यम से 6108 रेलवे स्टेशनों को डिजिटल समावेशन के केंद्रों में बदल दिया है। रेलटेल ने जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए प्रगति मैदान में एकीकृत दूरसंचार समाधान और कैरियर क्लास साइबर सुरक्षा समाधान भी प्रदान किए हैं।

भारतीय रेलवे के लिए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन भागीदार के रूप में कार्य करते हुए, रेलटेल ने रेलवे यात्री सुरक्षा के लिए एनआईसी ई-ऑफिस, अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली और आईपी-आधारित वीडियो निगरानी के कार्यान्वयन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण डिजिटल परियोजनाएं शुरू की हैं। नवाचार और तकनीकी प्रगति के लिए संगठन की प्रतिबद्धता कोयला, बैंकिंग और रक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए एक विश्वसनीय नेटवर्क सेवा प्रदाता के रूप में इसकी भूमिका स्पष्ट दिखाई देती है। यह योगदान भारत को जोड़ने और देश के डिजिटल विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रेलटेल की बहुमुखी उपलब्धियां उत्कृष्टता के प्रति इसके समर्पण और देश की डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन यात्रा में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती हैं।

<u>रेलटेल के बारे में</u>

रेल मंत्रालय के अधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम एक “मिनी रत्न (श्रेणी-I)” रेलटेल देश के सबसे बड़े न्यूट्रल टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एवं आईसीटी एवं सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक है, जिसका ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क पूरे भारतवर्ष में फैला है, जिसमें देश के अनेक नगर और शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र शामिल हैं। ऑप्टिक फाइबर के 61000+रूट किलोमीटर के एक विश्वसनीय नेटवर्क के साथ रेलटेल के MeitY empaneled tier III के दो डेटा सेंटर भी हैं। पूरे भारतवर्ष में अपने उच्च क्षमता वाले नेटवर्क के साथ, रेलटेल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में एक नॉलेज सोसाइटी के सृजन का कार्य किया जा रहा है और टेलीकॉम के क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन आधारित परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भी रेलटेल को चुना गया है। रेलटेल द्वारा अनेक सेवाएं जैसे एमपीएलएस, वीपीएन, टेलीप्रेजेन्स, लीज़्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डेटा सेंटर सर्विसेस इत्यादि भी ऑफर की जाती हैं। रेलटेल द्वारा भारतीय रेल के साथ मिलकर पूरे देश में रेलवे स्टेशनों पर पब्लिक वाई-फाई की व्यवस्था करते हुए देश के रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने का कार्य किया जा रहा है।

अधिक जानकारी के लिए-
sucharita@railtelindia.com